सार-समाचार

## जनकल्याण योजनाओं पर उठे सवाल

**मकराना ( निस )**। राज्य सरकार द्वारा आमजन को राहत देने के लिए चलाए जा रहे शहरी सेवा शिविर में नगरपालिका बोरावड के अधिकारियों-कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। अधिकारियों की अनुपस्थिति और गैरजिम्मेदाराना रवैये से नागरिकों के कार्य अटके रह गए। इस संबंध में मकराना तहसील पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनय सोनी ने जिला कलेक्टर डीडवाना-कुचामन को शिकायत प्रेषित कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, शिविर अवधि के दौरान और फॉलोअप शिविर में भी नगरपालिका बोरावड़ में अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। मकराना विधायक जाकिर हुसैन गैसावत के कई निरीक्षणों के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। दोपहर तक अधिकारी कार्यालय छोडकर चले जाते थे, जिससे आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने छोटे भाई के मकान का पट्टा बनवाने हेतु शहरी सेवा शिविर में आवेदन किया था, किंतु 7 नवम्बर फॉलोअप शिविर के समापन दिन तक फाइल पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। स्थिति जानने पर नगरपालिका कार्यालय में ईओ आनंद कुमार तिवाड़ी सहित समस्त स्टाफ अनुपस्थित मिला। शिकायत के बाद प्रशासन ने शिविर 8 नवम्बर को पुन: अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की, परंतु तब भी फाइल अपंजीकृत बेचाननामा बताकर काम को रोक दिया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि नगरपालिका प्रशासन ने शिकायत करने पर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास किया, जिससे शासन की मंशा पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। उन्होंने मांग की कि शिविर के दौरान की गई उपस्थिति और कार्यवाही का सीसीटीवी फुटेज एवं ऑनलाइन रेकॉर्ड से मिलान कर जांच की जाए तथा दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि घटनाक्रम के बाद पत्रकारों ने शिविर के आयोजन व जनता के कामकाज को लेकर ईओ से सवाल किए तो उन्होंने अपने आप को बूडसू का नायब तहसीलदार बताते हुए उच्चाधिकारियों से बात करने की बात बताते हुए अपनी जिम्मेदारी से पट्टा झाड़ लिया। शिकायतकर्ता के पट्टे के संबंध में ईओ तिवाड़ी ने कहा कि मैं फर्जी पट्टा नहीं बना सकता। अब जांच का विषय ये है कि राज्य सरकार से क्या पंजीकृत दस्तावेज के आधार पर ही पट्टे बनवाने के आदेश दिए थे? क्या नगरपालिका प्रशासन ने शिविर के दौरान जितने भी पट्टे बनाये है, वे पंजीकृत दस्तावेज के आधार पर ही बनाये है शिकायतकर्ता ने ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा को भी भेजी गई है। उधर पंचायत समिति मकराना की प्रधान सुमिता भींचर भी शिविर को लेकर मिली शिकायत पर दोपहर पश्चात शिविर में पहुंची तथा ईओ आनन्द कुमार तिवाड़ी से कुछ लोगों के दिनभर पालिका कार्यालय में बैठे रहने पर सवाल उठाते हुए जनता के काम करने तथा शिविर के कार्यों को प्रमुखता से निपटाने के निर्देश दिए। स्थानीय नागरिकों ने भी इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि सरकारी शिविर जनता की सुविधा के लिए होते हैं, लेकिन नगरपालिका की लापरवाही से योजनाओं की सार्थकता ही खत्म हो रही है।

## चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया

**झुंझुनूं**। गर्भवती तथा धात्री महिलाओं में एनीमिया प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग 17 से 30 नवंबर तक विशेष पिंक पखवाड़े का आयोजन करेगा। इस दौरान मिशन मोड पर फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन का उपयोग एनीमिक महिलाओं के लिए किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि अभियान की पूर्व तैयारी की समीक्षा तथा प्रशिक्षण के लिए सूचना सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. गुर्जर ने बताया कि पहले से प्रचलित आईएफए यानी कि आयरन की गोलियां द्वारा बहुत धीरे परिणाम प्राप्त होता है। कई महिलाओं को मतली, कब्ज, पेट खराब व अवशोषण की कमी जैसी समस्याओं के चलते इसका ज्यादा लाभ भी नहीं हो पता। ऐसे में फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज इंजेक्शन द्वारा डेढ से दो माह में ही तीन से चार ग्राम हीमोग्लोबिन बढ़ाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने एफसीएम इंजेक्शन की डोज गणना के लिए गंजोनी सूत्र के बारे में बताया तथा स्पष्ट किया कि एक सप्ताह में किसी भी गर्भवती को 1000 मिलीग्राम से अधिक डोज नहीं दी जाए और पूरे गर्भावस्था काल में 1500 मिलीग्राम की अधिकतम सीमा में ही एफसीएम दिया जाए। आरसीएचओ डॉ. दयानंद सिंह ने बताया कि पिंक पखवाड़ा अभियान को पूरी क्षमता के साथ मनाने और आधिकाधिक गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एनीमिया की वर्तमान स्थिति व बच्चे पर इसके दुष्प्रभाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिंक पखवाड़ा अभियान मध्यम से गंभीर एनीमिया यानी कि पांच से नौ ग्राम हीमोग्लोबिन वाली गर्भवतियों तथा धात्री महिलाओं को फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज दिया जाएगा। अभियान के दौरान आशा सहयोगिनी एएनएम एक्टिव मोड पर ऐसी महिलाओं की सूची तैयार करेगी और इन्हें अस्पताल लेकर आएंगी। इस इंजेक्शन का उपयोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा इससे उच्चतर संस्थान पर चिकित्सक की देखरेख में ही किया जाएगा।

## सड़क निर्माण गुणवत्ता की जांच

**मेडता सिटी**। मेडता विधायक लक्ष्मण राम कलरु ने मेडता विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही भ्रमण के दौरान स्टेट हाइवे 86 (मेड़तासिटी से गोटन) पर चल रहे सुदृढीकरण कार्य का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की। वही विधायक कलरू ने संबंधित ठेकेदार और सानिवि के अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## करमवीर जयंती को लेकर बैठक सम्पन्न

**मदनगंज-किशनगढ**। प्रेमनगर तोलामाल में सरपंच तेजसिंह राठौड की सदारत में आयोज्य बैठक के दौरान के राव करमसीजी जोधावत करमसोत राठौडो के मूल पुरुष की जयंती 8 दिसम्बर को प्रेमनगर तोलामाल मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जयंती समारोह को लेकर समिति गठित कर जिम्मेदारी सौपी गई। अध्यक्ष उदयसिंह तोलामल ने बताया की चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान रणजीत सिंह नोसल, सुरेन्द्र सिंह अजगरा, सुमेर सिंह झाडोल, बृजराज सिंह नलू, नरेन्द्र सिंह खातोली, महेश्वर सिह भामोलाव, भूपेन्द्र सिह सापणुदा सहित कई राजपूत समाज बंधु शामिल रहे। संचालन अध्यक्ष उदय सिह तोलामाल ने किया।

## रेडक्रॉस कार्यालय का निरीक्षण

**सीकर**। राजस्थान पुलिस के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने रविवार को अजीतगढ़ कस्बे में संचालित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सोसायटी की गतिविधियों से संबंधित फाइलों का अवलोकन कर कार्यों की सराहना की। डॉ. मेहरड़ा ने रेडक्रॉस सोसायटी व राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में संचालित ऑपरेशन गरिमा अभियान के तहत कस्बे के विद्यालयों व महाविद्यालयों में लगाई गई शिकायत पेटिकाओं की पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और आत्मविश्वास दोनों का विकास होता है। पूर्व डीजीपी ने रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि जनमानस में यातायात नियमों के प्रति सजगता बढे। इस अवसर पर तहसील प्रभारी कपिल मीणा, ब्लॉक संयोजक शंकर लाल शर्मा, दिनेश गोविंद शर्मा, पवन रोहिल्ला, धर्मा सैनी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जागरूकता कार्यक्रम

**रतनगढ़।** तालुका विधिक सेवा समिति रतनगढ़ के तत्वावधान में रविवार को केपीएस विद्यालय, रतनगढ़ में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता लक्ष्मण प्रजापत ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को न्याय के अधिकार तथा नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।उन्होंने कहा कि न्याय केवल अमीरों के लिए नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। समाज के गरीब, पिछड़े एवं कमजोर वर्गों तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना ही विधिक सेवा दिवस का मुख्य उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को लेकर भारत सरकार ने वर्ष 1995 से इस दिवस को मनाने की परंपरा प्रारंभ की थी। इस दिन विभिन्न स्थानों पर लोक अदालतें और विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से आमजन को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जाती है।प्रजापत ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को कानून का सम्मान करते हुए जरूरतमंदों की कानूनी सहायता में सहयोगी बनना चाहिए। कार्यक्रम में लगभग 50 विद्यार्थी लाभार्थी रहे।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ एवं समिति सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# 'बेरोजगार युवाओं के लिए पशुपालन बन रहा है आर्थिक संबल'

- अजमेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (अजमेर सरस डेयरी) के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने कहा कि वर्तमान में लाखों बेरोजगारों के लिए पशुपालन एक आर्थिक सहारे के रूप में पनप रहा है
- समाज के लोगों से यहीं आग्रह है कि वे अजमेर में स्थापित उत्तरी भारत के सबसे बड़े प्लांट का अवलोकन करें

**अजमेर**। अजमेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (अजमेर सरस डेयरी) के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने कहा कि वर्तमान में लाखों बेरोजगारों के लिए पशुपालन एक आर्थिक सहारे के रूप में पनप रहा है, आने वाला समय भी दूध क्रांति का ही होगा चौधरी रविवार को यहां पुष्कर स्थित मेला मैदान आयोजित अखिल भारतीय जाट शताब्दी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे! चौधरी ने कहा कि वर्तमान में अजमेर में नवीन तकनीकी पर आधारित डेयरी प्लांट प्रतिदिन 3 लाख 40 हजार लीटर दूध प्रतिदिन का संकलित हो रहा है सर्दियों में यह तादाद 6 लाख लीटर तक पहुंचेगी डेयरी में आधुनिक मशीनों द्वारा यहां पर संकलित दूध से 60 से अधिक प्रकार के उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिसकी गुणवत्ता पर किसी प्रकार का कोई संदेह है नहीं हो सकता है उन्होंने कहा कि समाज का एक बडा तबका पशुपालन खेती से जुडा हुआ है अतिवृष्टि व अनावृष्टि से कितनी ही बार लोगों - किसानों को निराशा हाथ लगती है, लेकिन पशुपालन आज उनकी आजीविका का महत्वपूर्ण साधन हो गया है उन्होंने बताया कि कभी 55 पैसे प्रति लीटर के भाव से दूध खरीदा जाता था, आज 60 से 62 रुपए प्रति लीटर डेयरी द्वारा दूध खरीद का भाव दिया जा रहा है, जो अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं उन्होंने कहा कि समाज के लोगों से यहीं आग्रह है कि वे प्लांट का अवलोकन करें।

## नशे के आदि लोगों को परामर्श दिया

**बिजयनगर**। पुलिस थाना विजयनगर एवं बाफनाजैन तीर्थ परिवारकी संयुक्त तत्वाधान में रविवार को आयोजितनिशुल्क मनोरोग एवं नशा मुक्ति परामर्श शिविर का आयोजन। होटल एंड चंद्र पैलेस परिसर में आयोजित नशा मुक्ति शिविर में क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ब्यावर एस पी रतन सिंह राठौड पुलिस उपाधीक्षक सज्जन सिंह थाना अधिकारी सीआई करण सिंह खंगारोत समाजसेवी नरेंद्र बाफना अभय साखला जैन समाज अध्यक्ष भंवरलाल कोठारी ज्ञान सिंह सांखला नोरतमल लोढ़ा सहित समाजसेवी मौजूद रहे। शिविर मे नशा मुक्ति विशेषज्ञ चिकित्सक डाक्टर नसीम जहां ने मनोरोगी एवं नशे से ग्रसित रोगियों को परामर्श देते हुएनिशुल्क दवा दी। पुलिस अधीक्षक रतन सिंह राठौड ने बतायाथा कि शिविर का उद्देश्य नशे से ग्रसित लोगों को जागरुक करना है।

# ब्यावर में निशुल्क शिविर में 250 रोगियों ने लाभ लिया

- शिविर में हड्डी रोग,कृत्रिम जोड प्रत्यारोपण,हेड-नेक-जबडा कैंसर,पेट नस से जुड़ी बीमारियों से संबंधित रोगियों को शैल्बी हास्पिटल अहमदाबाद की डाक्टरों की टीम द्वारा पीड़ित रोगियों को परामर्श दिया।

**ब्यावर ( नि सं )।** ओसवाल जैन श्री संघ संस्थान ब्यावर द्वारा शैल्बी हॉस्पिटल अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में विशाल नि:शुल्क मल्टीस्पेशलिस्ट परामर्श शिविर का आयोजन सिटी डिस्पेंसरी में किया। संघ महामंत्री सुशील मेहता के अनुसार संस्था द्वारा आयोजित शिविर में हड्डी रोग,कृत्रिम जोड़ प्रत्यारोपण,हेड-नेक-जबडा कैंसर,पेट व आंत व पाचन तंत्र संबंधित रोग,नस से जुड़ी बीमारियों से संबंधित रोगियों को शैल्बी हास्पिटल अहमदाबाद की डाक्टरों की टीम द्वारा पीडित रोगियों को परामर्श देकर उपचार किया गया।शिविर प्रात: दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ की टीम द्वारा बीमारियों से बचने के उपाय पर प्रकाश डाला। संघ अध्यक्ष अनिल डोसी व शिविर संयोजक नेमीचंद जैन एवं सुज्ञानचंद खीचा ने बताया कि शिविर में 250 से ज़्यादा रोगियों ने लाभ लिया।शिविर में रिखबचंद खटोड, प्रवीण बुरड, अनिल डोसी, शांतिलाल कोठारी, अनराज तातड, सुशील मेहता, अनिल बाबेल,महावीर चंद कवाड, श्रवण बोहरा, गौतम संचेती,कैलाश बोहरा, मान सिंह लोढा, पारसमल संचेती,संजय चोरडिया, पुष्पचंद बाबेल, हस्तीमल संचेती, रोशन आंचलिया,संजय खटोड़,संजय श्री श्री माल,राकेश चपलोत,सुमित डोसी, शालीन मेहता,गौतम बोहरा,हुक्मीचंद ललवानी, प्रकाश श्रीमाल राजू भाई सेठिया, रितेश मित्तल, प्रकाश मकाना आदि ने शिविर में सेवायें प्रदान की। शिविर में पारसमल पंच, दौलतराज बुरड, इंद्र सिंह बागावास,ज्ञानचंद विनाय किया, महेंद्र बोहरा, रतन सिंह मेहता, महावीर बाफना, महावीर नाहर, मनीष रांका जसवंत बाबेल दलपतराज बोहरा,सुयश तातेड़ आदि ने शिविर का अवलोकन कर शिविर की भूरी-भूरी प्रशंसा की। शैल्बी हॉस्पिटल को आभार पत्र व सभी डाक्टरों का माला, शाल व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

# 'कलयुग में नाम जप ही सबसे बड़ा पुण्य'

**रतनगढ़( निसं ) शहर** के पुलिया संख्या चार के पास स्थित शिवाजी सेवा संस्थान में चल रही रामकथा के दौरान संत प्रह्लाद महाराज ने कहा कि कलयुग में भगवान के नाम का जाप ही सर्वोच्च साधना है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति ईश्वर के नाम का स्मरण करता है, उसे ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। सतयुग, त्रेता व द्वापर युग में जो पुण्य यज्ञ और हवन से मिलता था, वही पुण्य कलयुग में नाम जप से प्राप्त होता है।महाराज ने भगवान राम की वंशावली पर बोलते हुए कहा कि जो व्यक्ति केवल अपना ही हित देखता है, उसे कभी मुक्ति नहीं मिलती, जबकि दूसरों के हित में कार्य करने वाला व्यक्ति स्वयं के साथ आने वाली पीढ़ियों को भी मोक्ष का अधिकारी बनाता है। उन्होंने कहा कि कथा स्थल में कोई बड़ा या छोटा नहीं होता - यदि कोई बडा है, तो वह केवल भगवान हैं।संत प्रह्लाद महाराज ने कहा कि आज लोग कथाएं सुनने तो जाते हैं, परंतु कथा का सार नहीं अपनाते। लोग प्रवचनकर्ता की मीठी बातों और प्रशंसा में अधिक रुचि लेते हैं, जबकि वास्तविक उद्देश्य भक्ति प्राप्त करना होना चाहिए। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से आ ान किया कि कथा सुनने के साथ ईश्वर की भक्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।रविवार को कथा में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया गया। इससे पूर्व सुबह प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें भक्तों ने दीप जलाकर एवं रंगोली बनाकर स्वागत किया। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान भगवती देवी-गोविंद प्रसाद मिटावा एवं जयदेव प्रसाद मिटावा ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की।इस अवसर पर कांठोस युवा नेता हेमंत सारस्वत,भंवरलाल मिटावा, लक्ष्मीनारायण मिटावा, हिमांशु मिटावा, मुकेश सोनी, दीनदयाल सोनी, गोविंद प्रसाद बबेरवाल, सुशील गौड,अनूप जोशी, हीरालाल नौहाल सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।

## स्नेह मिलन समारोह मनाया

**झुंझुनूं**। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध राजस्थान विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ व विद्युत निगम पेंशनर्स कल्याण समिति का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम स्थानीय केशव आदर्श विद्या मंदिर परिसर में केबी वशिष्ठ व नंदलाल सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रीय हित उद्योग हित व मजदूर हित की अवधारणा के आधार पर कार्य करने वाला देश का सबसे बड़ा संगठन है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपसिंह शेखावत ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं व निराकरण के संबंध में अवगत कराया। अधीक्षण अभियंता एमके टीबड़ा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री बांटी

- नर सेवा ही नारायण सेवा : डॉ अनिल सामरिया
- कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अजमेर जिला प्रभारी सुभाष नवल मौजूद रहे

**अजमेर**। जय अम्बे सेवा समिति सेवा धाम-वृद्धाश्रम, हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) की ओर से रविवार को सेवाधाम में वृद्धाश्रम में आवासी पुरुष व महिला वरिष्ठजनों का अभिनंदन किया गया तथा उन्हें गरम स्वेटर आदि आवश्यकता की सामग्री दी गयी।

कार्यक्रम के संयोजक उमेश गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि के रूप में सुभाष नवाल, सुनील दत्त जैन, जे एल एन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनिल सामरिया, अति. प्रधानाचार्य डॉ श्याम भूतड़ा, जे एल एन हॉस्पिटल के उप निदेशक डॉ विक्रांत शर्मा, सेटेलाइट हॉस्पिटल के डॉ संजय भार्गव, जे एल एन हॉस्पिटल के डॉ विकास गुप्ता, डॉ कुलदीप शर्मा, वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री सूरज नारायण लखोटिया आदि पदाधिकारी थे, जिन्होंने सभी वरिष्ठ जनों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया द्य इस अवसर पर 35 जरूरत मंद परिवारों को संस्था की और से राशन सामठी भी वितरित की गई।

इस मौके पर जय अम्बे सेवा समिति सेवा धाम - वृद्धाश्रम संस्था के अध्यक्ष कालीचरण खंडेलवाल व महासचिव घनश्याम दास काबरा ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था द्वारा यहाँ वृद्धाश्रम में निवास करने वाले लगभग 30 सदस्यों की तो सेवा की ही जाती है इसके साथ ही सामाजिक सरोकारों से जुडे हुए अन्य कार्य जैसे जरूरतमंद परिवारों को हर माह राशन सामठी का वितरण, बाल कल्याण के लिये पूर्व प्राथमिक शिक्षा, युवाओं को निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण, टोल्फा व गौशालाओं में पशु आहार सहायता, धार्मिक कार्यक्रम आदि अनेक सामाजिक कार्य किये जाते है। कार्यक्रम में सुनील दत्त जैन, सुभाष नवाल, डॉ अनिल सामरिया सहित अन्य अतिथियों ने संस्था द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की तथा कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, हमें ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए कि जिनके बच्चे हैं उन्हें वृद्धाश्रम की तरफ नही देखना पडे सिर्फ वे ही लोग वृद्धाश्रम में आयें जिनके बच्चे नही हो।

## स्नेहमिलन कार्यक्रम आयोजित

**चिडावा**। अंतराष्ट्रीय वैश्य महिला महासम्मेलन की ओर से स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महासम्मेलन की जिला संरक्षक पुष्पा सुभाष भगेरिया ने बताया कि स्नेह मिलन कार्यक्रम में पासिंग माला, म्यूजिकल चेयर, प्रश्नोत्तरी, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को संरक्षक पुष्पा भगेरिया द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधु शर्मा, अनिता मोदी, कुसुम सूरजगढ़िया, सरिता सिंघल, अविका अडूकिया, बबिता अठावाल, उमा मोदी, युवा आइकॉन पूजा शर्मा, नीतू खंडेलिया, सुनिता खंडेलिया, सुनिता सर्राफ, मानसी भगोरिया, शालिनी गुप्ता, स्वाति गुप्ता, मंजू मान, अंजना जैन, रेखा पांडे, पूजा अठावाल, मंजूमति, अनिता महमिया एवं सोना चेतीवाल, अनिता चौधरी एवं काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान टी10 क्रिकेट महोत्सव

- वार्ड 08, 11, 51, 76, 62 एवं 34 टीमों का सुपर सिक्स में प्रवेश

**अजमेर**। यहां खेली जा रही सम्राट पृथ्वीराज चौहान टी10 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को वार्ड 51 एवं वार्ड 11 में शानदार जीत दर्ज करते हुए नॉकआउट दौड़ के सुपर सिक्स में प्रवेश कर लिया सोमवार को क्वार्टर फाइनल एवं सेमीफाइनल के मुकाबले खेले जाएंगे।

प्रतियोगिता के अंतर्गत सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय पर खेले गए पहले मुकाबले में वार्ड 11 ने वार्ड चार को 49 रनों के भारी भरकम अंतर से हराकर सुपर सिक्स में प्रवेश करने वाली पहली टीम बनी। टॉस जीतकर वार्ड 11 की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 115 रनों का स्कोर खड़ा किया, इस पारी में अर्ष गुप्ता ने 22 तथा गीतांश ने 14 रन बनाए इसके जवाब में वार्ड चार की पूरी टीम कड़ी मेहनत करने के बावजूद भी निर्धारित ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 66 रन ही बना पाई।

समिति के अध्यक्ष संपत सांखला ने बताया कि दयानंद महाविद्यालय मैदान पर खेले गए एक अन्य मुकाबले में वार्ड 51 वार्ड 22 को 19 रनों से हराकर अपनी जीत का क्रम जारी रखा वार्ड 51 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 86 रन बनाए जिसमें रजनीश ने 16 एवं कौशल ने 13 रन बनाए इसके जवाब में वार्ड 22 की टीम पांच विकेट होकर 67 रन ही बना पाई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विजेता टीम के दीपक को प्रदान किया गया। वहीं दूसरे मैच में पूल सी के अन्तर्गत वार्ड 76 ने वार्ड 59 को 5 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वार्ड 59 की टीम 6 विकेट के नुकसान पर 66 रन बना पाई, इस पारी में अखिलेश ने 25 रन बनाए इसके जवाब में वार्ड 76 की टीम ने जीत का लक्ष्य 9.1 ओवर में 5 विकेट खोकर अर्जित कर लिया। इस जीत के साथ ही वार्ड 76 की टीम सुपर 6 दौर में कुच कर गई। इस मैच का मैन ऑफ द मैच अनिल को प्रदान किया गया। वहीं तीसरे व अंतिम मुकाबले में वार्ड 62 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 101 रन बनाए इस पारी में शाकिर खान ने 33 रन बनाए, इसके जवाब में वार्ड 80 की टीम निर्धारित 10 ओवर में छ विकेट के नुकसान पर 89 रन ही बनाकर हार के साथ ही प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

सार-समाचार

## 'शिक्षा में मानवीय मूल्यों के समावेश से ही समाज होगा उन्नत'

**अजमेर**। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षा में मानवीय मूल्यों का समावेश अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इन्हीं मूल्यों से समाज उन्नत और प्रगतिशील बनता है। राजस्थान सरकार ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम जल्द दिखाई देंगे। अजमेर में आयोजित शिक्षा विभाग के प्राचार्यों की आमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित करते हुए दिलावर ने कहा कि यह राजस्थान के इतिहास में पहली बार हुआ है कि सरकारी शिक्षा विभाग में ऐसी कार्यशाला आयोजित की गई है जो शिक्षा में संस्कार और मानवीय मूल्य जोड़ने का प्रयास करती है। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा अनन्त है और हमारे देश के लोगों ने शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचे शिखर को छुआ है, कई क्षेत्रों में गोल्ड मेडल प्राप्त किए है, बहुत प्रसिद्धि भी प्राप्त की है। कई लोगों ने देश का प्रथम स्थान भी पाया होगा। कई बार देखने को मिलता है कि देश के संकट के समय कुछ लोग देश को संकट में डालने वाले लोगों के साथ खड़े हो जाते हैं। दूसरी तरफ ऐसे लोग जिन्होंने इतनी शिक्षा प्राप्त नहीं की है, उन्होंने गोल्ड मेडल भी प्राप्त नहीं किया होगा वो लोग देश के संकट के समय में देश को उभारने वालों के साथ खड़े रहते हैं। इसका कारण है कुछ लोगों में मानवीय मूल्य और संस्कार थे और कुछ में नहीं थे। इसलिए आज के समय में शिक्षा में मानवीय मूल्यों की आवश्यकता है। लोग अच्छी नौकरी या पद पर भी पहुंच सकते हो लेकिन यदि मानवीय मूल्य नहीं होंगे तो ऐसे लोग देश के अच्छे नागरिक नहीं बन सकते है। उन्होंने कहा कि हम सबका दायित्व है कि श्रीराम, शिवाजी और विवेकानंद जैसे नागरिक तैयार करें। यह तभी संभव है जब व्यक्ति में मानवीय मूल्य हों। उन्होंने कहा कि केवल उच्च शिक्षा या नौकरी पाने से कोई अच्छा नागरिक नहीं बन सकता, जब तक उसके भीतर संवेदनशीलता और मूल्य न हों। दिलावर ने सभी प्राचार्यों से कहा कि वे इस कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान को आत्मसात करें और छात्रों को संस्कारों से युक्त शिक्षा दें। उन्होंने कहा कि जब समाज में अच्छे नागरिक खड़े होंगे, तब न कोई भूखा रहेगा, न कोई माता वृद्धाश्रम भेजी जाएगी। कार्यक्रम में ओएसडी सतीश कुमार गुप्ता, एनसीयूएचबी एआईसीटी नई दिल्ली के चेयरमैन प्रो. एस.डी. चारण, यूपी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन के डायरेक्टर डॉ. कुमार संभव, मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग के डायरेक्टर सत्यप्रकाश, यूएचबीएसआईटी फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन राजुल अस्थाना, संयुक्त निदेशक अनिल कुमार शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जय नारायण और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड उपस्थित रहे।

## प्रतिभाएं और विद्वान सम्मानित

**अजमेर**। चारण साहित्य शोध संस्थान द्वारा रविवार को चारण साहित्य समारोह 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें डिंगल साहित्य पर सार्थक चर्चा हुई और समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। अखिल भारतीय चारण गढ़वी महासभा के अध्यक्ष सी पी देवल ने कहा कि समाज में टीका और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करना चाहिए। नई पीढ़ी समाज में सुधार लाने की दिशा में अठासर हो रही है। संस्थान के अध्यक्ष भंवर सिंह चारण ने कहा कि चारण समाज ने हमेशा समाज की दिशा बदली है। संस्थान धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के पुरुषार्थों को भक्ति, ज्ञान और कर्म मार्ग से जोडकर कार्य कर रहा है। समारोह में पद्मश्री सी.पी. देवल द्वारा संपादित गुण हरि रस, ओंकार सिंह लखावत की हिंगलाज शक्तिपीठ, डॉ. देवेंद्र गढ़वी की चारण साहित्य रतन माला सहित चार पुस्तकों का विमोचन किया गया। शिरोमण भक्त कवि महात्मा ईसर दास बारहट पर केंद्रित साहित्यिक परिचर्चा में अंबादान रोहडिय़ा ने कहा कि महात्मा ईसर दास बारहठ का ठांथ हरि रस भगवत गीता का सार सरल भाषा में प्रस्तुत करता है। इसे द्वारकाधीश को समर्पित किया गया था। ईसर दास जी के पुरोहित द्वारिका में स्वयं को ईसराणी कहलाना पसंद करते हैं। ईसर दास जी की भक्ति का गुजरात में व्यापक प्रभाव है। इस कारण चैत्र सुदी नवमी को गुजरात में ईसर नवमी भी कहते हैं। राजस्थान धरोहर संरक्षण प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने हमारे यशस्वी पुरखे एवं परंपरागत बहियां विषय पर प्रतिपादन उद्बोधन में कहा कि चारण साहित्य ऊर्जा दायक है। चारणों की पुरखों की बहियां मेंटेन करना समय के साथ रावल समाज के लिए दुष्कर हो रहा था। इन बहियों को चारण साहित्य शोध संस्थान द्वारा प्राप्त कर डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इससे यह अनमोल विरासत आने वाली पीढ़ियों को एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाएगी। रावल समाज द्वारा संजोई गई यह वंशावली चारण साहित्य का एक महत्वपूर्ण अंग है। साहित्यिक परिचर्चा में पद्मश्री डॉ. चंद्र प्रकाश देवल, अंबादान रोहडिय़ा, ओंकार सिंह लखावत, प्रो. गजादान चारण, गिरधर दान दासोडी, एच.डी. चारण, राजेंद्र रत्नू और अन्य विद्वानों ने चारण साहित्य की प्रासंगिकता और संरक्षण पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. गिरधर दान रतनू दासोड़ी को डॉ. शक्ति दान कविया स्मृति डिंगल साहित्य सम्मान प्रदान किया गया, जिसमें सम्मान पत्र और 31 हजार रुपये की राशि दी गई। चारण साहित्य पर शोध और संरक्षण कार्य करने वाले कई विद्वानों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में गुजरात, मेवाड़, शेखावाटी सहित विभिन्न प्रदेशों से आए गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की महामंत्री डॉ. सरोज लखावत ने किया।

## रानी साहिबा में रानियों ने बिखेरा शाही जलवा

**अजमेर**।सिंधी लेडिज क्लब अजमेर के कार्यक्रम रानी साहिबा का सरोवर पोर्टिको में आयोजन हुआ, जिसमें क्लब की सभी सदस्य शाही अन्दाज में तैयार होकर आई। दिशा प्रकाश ने बताया कि यह विशेष आयोजन शाही महफिल नारी शक्ति के संग एक शाही रंग थीम पर आधारित था, जिसमें रानियां अपने रॉयल लुक और शाही अंदाज़ से आई एवं शाम को यादगार बनाया। इसमें अनारकली,शरारा, लहंगा या साड़ी परिधान जो कि रॉयल अटायर में, हर रंग में, सात रंग का शाही अंदाज में ड्रेस कोड था, जिसको सभी ने बखूबी बरकरार रखा। इसमें सभी की शाही एंट्री और फोटो सेशन, म्यूजिक, डांस और गेम्स, स्वादिष्ट स्नैक्स और डिनर के साथ शानदार प्राइज़ेस और सरप्राइज़ दिये गये। कुसुम आर्य ने बताया कि इस शाही आयोजन में क्लब की रानियाँ और महारानियाँ ने अपने रॉयल परिधानों और मुस्कुराहटों से चार चांद लगाए। इसमें कहानी थीम रानी साहिबा का खजाना पर हाउजी गेम खेला गया, जिसमें सभी सदस्यों ने बहुत आनंद लिया। इसमें किरदार के रूप में पटरानी दिशा प्रकाश, पटरानी कुसुम आर्य, महारानी आशा लुधानी, महारानी पदमावती, महारानी राखी, महारानी आशा गुर, महारानी रेनू, महारानी भारती व हमारी होस्ट टीम की रानियां रानी जयश्री, रानी आरती, रानी जाह्नवी, रानी दिव्या, रानी कविता, रानी कशिश, रानी दया, रानी प्रिया, रानी रेखा थी। क्लब की 80 सदस्यायें उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में दिशा प्रकाश किशनानी ने क्लब की होस्ट टीम एवं उपस्थित सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया।

## मातृ सम्मेलन आयोजित

**रतनगढ**। नालंदा शिक्षण संस्थान के प्रांगण में सरिता पड़िहार की अध्यक्षता में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसके विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी पुष्पा वर्मा तथा मुख्य अतिथि साहित्यकार श्रीमती भानुप्रिया शर्मा थी। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की वरिष्ठ अध्यापिका लक्ष्मी सोनी की सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर स्कूल की छात्रा आस्था स्वामी द्वारा हमारा बचपन कविता प्रस्तुत की गई तथा हिमांशु ,श्री राम, खुशबू, सिद्धार्थ द्वारा "मोबाइल को छोड़ो तुम " यह प्रेरणादायक लघु नाटक प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर दिलीप स्वामी की कविता" मेरा बचपन"की पंक्तियों को छोटे-छोटे बच्चों द्वारा हाथों में स्लोगन स्लेटे लेकर सुंदर भावों को प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में मुख्य अतिथि भानुप्रिया शर्मा द्वारा मोबाइल की लत के लिए स्वयं उसके माता-पिता को जिम्मेदार ठहराते हुए ,उनको एक सजग अभिभावक की तरह कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।


**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामगोपाल कुमावत पुत्र श्री सुवालाल कुमावत ने ग्राम थोक मालियान 3 के खसरा नम्बर 8387 भूखण्ड संख्या- में क्षेत्रफल 154.44 वर्गगज के भूखण्ड की लीज डीड हेतु आवेदन किया है। इस आम सूचना के प्रकाशन द्वारा उक्त भूखण्ड की लीज डीड श्री रामगोपाल कुमावत पुत्र श्री सुवालाल कुमावत के पक्ष में जारी करने पर आपत्ति आमंत्रित की जाती है। भूखण्ड का विवरण निम्न प्रकार है-

| सीमाएं | नाप | सीमाएं | नाप |
|---|---|---|---|
| उत्तर- आम रास्ता 20 | 34'0 फीट | पूर्व- आम रास्ता 12 | 40'0 फीट |
| दक्षिण- अन्य की भूखंड सम्पति | 34'0 फीट | पश्चिम- भूखंड सं. 20 स्थित है | 41'9 फीट |

किसी भी व्यक्ति/संस्था/कंपनी को उक्त लीज डीड जारी करने पर आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के भीतर अजमेर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त जोन (दक्षिण) के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्यवाही संपादित की जाएगी। -उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

